यूजेवीएनलिमिटेड
मुख्यालय "उज्जवल" महारानीबाग, जी०एम०एस०रोड, देहरादून–248006
दूरभाषः 0135–2763808 फैक्सः 0135–2763508
CIN No. U40101UR2001SGC025866
वेबसाइट :www.ujvnl.com

# वर्ष 2024–25 हेतु अप्रेंटिस प्रशिक्षण के लिए सूचना

शिशिक्षु अधिनियम 1961 के अन्तर्गत शिशिक्षुओं के नियोजन हेतु इच्छुक शिशिक्षुओं को अवगत कराना है कि यूजेवीएन लिमिटेड के अधीन कार्यालय उपमहाप्रबंधक, जल विद्युत उत्पादन मण्डल, ढकरानी में निम्नलिखित व्यवसायों (Trades) में आई.टी.आई. उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से ट्रेड अप्रेंटिस प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

01 वर्ष हेतु अप्रैंटिसशिप प्रशिक्षण में नियोजन के सम्बंध में आवेदन प्रदान करने के इच्छुक शिशिक्षुओं को निर्देशित किया जाता है कि वह भारत सरकार द्वारा प्रायोजित Skill India (NAPS) में श्रेणीवार ऑन–लाईन आवेदन करने के लिए पहले अप्रेंटिसशिप पोर्टल (https://WWW.apprenticeshipindia.gov.in) पर पंजीकरण करें। अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकरण करते समय सभी विवरण सावधानी पूर्वक भरें। अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकरण करने के उपरान्त अप्रेंटिसशिप प्रोफाइल (https://WWW.apprenticeshipindia.gov.in) द्वारा Apprenticeship Opportunities में जाकर निर्धारित बिन्दुओं को भरते हुए UJVN Ltd. संस्थान सर्च कर अपने ट्रेड में उपलब्ध सीटों हेतु apply करें।

अतः प्रत्येक शिशिक्षु आवेदन करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु अनिवार्य योग्यता धारण करते हैं। यदि चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में या चरण के उपरान्त यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्हताओं को पूर्ण नहीं करता है एवं आवेदक द्वारा प्रस्तुत किये गये तथ्य एवं संलग्न दस्तावेज सत्य एवं सही नहीं हैं, तो आवेदक की उम्मीदवारी/नियुक्ति किसी भी समय बिना किसी कारण बताये निरस्त की जा सकती है।

**ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि एवं चयन हेतु साक्षात्कार से सम्बधी विवरण निम्नवत हैः–**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि** | 04.02.2025 (अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा) |
| 2 | **साक्षात्कार लिये जाने की प्रस्तावित तिथि एवं स्थल** | 05.02.2025, समय 10:30 बजे, स्थलः जल विद्युत उत्पादन मण्डल, ढकरानी |

साक्षात्कार हेतु निर्धारित तिथि पर उपस्थित होने वाले शिशिक्षुओं को अपने निम्नलिखित दस्तावेज/प्रपत्र मूलरूप में (02 प्रतियों में) ऑनलाईन आवेदन में किये गये दावों के अनुक्रम में लाने आवश्यक होंगेः–

1. हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र।
2. आई.टी.आई. कंसोलिडेटेड अंकपत्र (कंसोलिडेटेड नहीं होने की दशा में सभी सेमेस्टर के अंकपत्र)
3. आधार कार्ड।

उपमहाप्रबन्धक
जल विद्युत उत्पादन मण्डल,
ढकरानी